बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
**कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया**
**(स्थापना शाखा)**
*शिक्षा भवन, डाक बंगला रोड, न्यू कॉलोनी के सामने, बेतिया, ई–मेल– dpo.est.wchamparan@gmail.com*

## कार्यालय आदेश

प्रायः देखा जाता है कि जिले में कार्यरत शिक्षकों का विपत्र ससमय जिला शिक्षा कार्यालय में प्राप्त नहीं होने के कारण भुगतान में अनावश्यक विलंब हो जाता है। शिक्षकों का वेतन भुगतान ससमय किया जाना विभाग की प्राथमिकताओं में हैं। इस क्रम में सभी संबंधितों को निर्देश दिया जाता है कि निम्न सारणी के अनुसार कार्यरत शिक्षकों का वेतन विपत्र/अनुपस्थिति विवरणी प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराना एवं वेतन भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### (क) प्रारंभिक स्तर के विद्यालयों के लिए

1. विद्यालय प्रधान प्रत्येक माह के 20 से 22 तारीख तक प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय में विपत्र/अनुपस्थिति विवरणी उपलब्ध कराएंगे।
2. प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय से 23 से 25 तारीख तक शीर्षवार/कोटिवार सभी शिक्षकों का समेकित विपत्र तैयार कर जिला शिक्षा कार्यालय के स्थापना शाखा में उपलब्ध कराएंगे।
3. जिला शिक्षा कार्यालय 26 से 30 तारीख तक विपत्र कोषागार को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे

### (ख) माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के लिए

1. विद्यालय प्रधान प्रत्येक माह के 20 से 22 तारीख तक प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय में विपत्र/अनुपस्थिति विवरणी उपलब्ध कराएंगे।
2. प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय से 23 से 25 तारीख तक शीर्षवार/कोटिवार सभी शिक्षकों का समेकित विपत्र तैयार कर जिला शिक्षा कार्यालय के माध्यमिक शाखा में उपलब्ध कराएंगे।
3. जिला शिक्षा कार्यालय के माध्यमिक शाखा द्वारा 26 से 27 तारीख तक स्थापना शाखा को उपलब्ध कराएंगे।
4. जिला शिक्षा कार्यालय के स्थापना शाखा द्वारा 28 से 30 तारीख तक विपत्र कोषागार को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान की जा सके।

उपरोक्त सभी संबंधितों द्वारा उक्त सारिणी के अनुसार विपत्र तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगे ताकि प्राथमिकता के आधार पर जिले में कार्यरत शिक्षकों का ससमय वेतन भुगतान किया जा सके।

ह0/–

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

ज्ञापांक– 2531 /बेतिया, दिनांक– 16.06.2025 /

प्रतिलिपिः– सभी कोटि के विद्यालय के प्रधान शिक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला–प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

13/06/25

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।